हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–177 : जौनपुर, शनिवार 16 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अंकित दास के फ्लैट से एसआईटी ने बरामद किया असलहा, कई अहम सुराग लगे हाथ

लखनऊ ब्यूरो : लखीमपुर हिंसा का रिक्रिएशन करने के बाद शुक्रवार को पुलिस की विशेष जांच कमेटी पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता अखिलेश दास के भतीजे अंकित दास व उसके साथी लतीफ काले को लेकर लखनऊ पहुंची। करीब चार घंटे तक लखनऊ के चार ठिकानों को पुलिस की विशेष जांच कमेटी ने खंगाला। इस दौरान उसके हुसैनगंज स्थित एमआई अपार्टमेंट से असलहा बरामद कर लिया। इसके बाद टीम उसे लेकर लखीमपुर निकल गई। पुलिस की विशेष जांच कमेटी की टीम दोपहर बाद लखनऊ पहुंची। सबसे पहले हुसैनगंज के पुराना किला स्थित उसके आवास पर गई। लेकिन वहां रूकी नहीं। फिर एमआई अपार्टमेंट में गई। जहां अंकित दास का फ्लैट है। वहां से पुलिस टीम ने एक रिवाल्वर व रिपीटर (बंदूक) बरामद की। इसके बाद आरोपी को लेकर गोमतीनगर के फन मॉल के पीछे सागर सोना होटल लेकर गई। जहां काफी देर तक रूकी रही। इसके बाद देर शाम को उसे लेकर लखीमपुर निकल गई। 3 अक्तूबर को लखीमपुर के तिकुनिया में हुए हिंसा के बाद गठित पुलिस की विशेष जांच कमेटी ने बृहस्पतिवार को वहां घटनाक्रम का रिक्रिएशन किया। इसके लिए मुख्य आरोपी आशीष मिश्र व उसके दोस्त अंकित दास को लेकर वारदात स्थल पहुंची। जहां करीब दो घंटे तक रिक्रिएशन होता रहा। इस दौरान कुछ पुलिस ने कृषि कानून को वापस लो.. . नारेबाजी करते हुए काले झंडे दिखाए। तो कुछ ने पुलिस जीप पर बैठकर किसानों के पुतलों को रौंदा। मुख्य आरोपी को बृहस्पतिवार रात को भेजा गया। लखीमपुर हिंसा के मुख्य आरोपी केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे आशीष मिश्र की रिमांड पूरी होने के 15 घंटे पहले ही उसे जेल में दाखिल कर दिया गया। उसकी रिमांड शुक्रवार सुबह 10 बजे पूरी होनी थी। लेकिन पुलिस की विशेष जांच कमेटी ने पूछताछ व रिक्रिएशन के बाद बृहस्पतिवार शाम को 7 बजे ही जेल में दाखिल कर दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री का भतीजा भाग गया था नेपाल। पुलिस की विशेष जांच कमेटी ने दूसरे आरोपी पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता अखिलेश दास के भतीजे अंकित दास से काफी देर तक पूछताछ की गई। इस दौरान उसने बताया कि वारदात के बाद वह लखनऊ स्थित पुराना किला घर पहुंचा। वहां अपने क्ले स्कावयर स्थित एमआई अपार्टमेंट स्थित फ्लैट





पर गया। जहां असलहे रखने के बाद अपने गोमतीनगर स्थित होटल सागर सोना में चला गया। वहां रुकने के बाद एक दोस्त की गाड़ी लेकर नेपाल निकल गया। टीवी पर आशीष की गिरफ्तारी की जानकारी होने पर अपने वकील से संपर्क किया। इसके बाद वह क्राइम ब्रांच के सामने हाजिर हो गया। अंकित व लतीफ काले को लेकर लखनऊ पहुंची टीम। लखीमपुर हिंसा के आरोपी पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश दास के भतीजे अंकित दास व उसके करीबी सुरक्षाकर्मी लतीफ काले को लेकर पुलिस की विशेष जांच कमेटी शुक्रवार दोपहर को लखनऊ पहुंची। करीब चार घंटे तक उसके साथ कई ठिकानों पर पड़ताल की गई। इस दौरान पुलिस के हाथ एक लाइसेंसी रिवाल्वर और एक रीपीटर बंदूक हाथ लगी। दोनों का लाइसेंस अंकित दास के नाम बताया है। पुलिस इसके बाद उसे लेकर गोमतीनगर फन मॉल के पीछे स्थित होटल सागर सोना लेकर गई। जहां उससे कमरे के बारे में जानकारी हासिल की। जिसमें वह रूका था। पुलिस टीम वहां पर करीब एक घंटे तक रही। सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी। पुलिस की विशेष जांच कमेटी अंकित दास से होटल सागर सोना में काफी देर तक पूछताछ की। इसके बाद उसके द्वारा बताए गए तारीख के आसपास के सभी दिनों की सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू की। पुलिस ने होटल का डीवीआर अपने कब्जे में ले लिया है। होटल के फुटेज में कई अहम सुराग पुलिस की विशेष जांच कमेटी के हाथ लगे हैं। जिनके आधार पर कुछ अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिल सकती है। जो अंकित दास को नेपाल तक ले जाने में मदद की थी। पुलिस इन मददगारों की सूची तैयार की है।

## फरियादियों की समस्याओं का अधिकारी तत्परता के साथ गुणवत्ता पूर्ण करें निस्तारण

जौनपुर सू.वि. : संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कि जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल मिलाकर 53 शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष आई जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया और अन्य शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण पांच दिन के अन्दर किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर 11 जिला स्तरीय अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगने के साथ 01 दिन



का वेतन रोकने का भी निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया।

## नेहा यादव को मां से विरासत में मिली है राजनीति

बरेली ब्यूरो : मढ़ीनाथ की नेहा यादव को समाजवादी छात्रसभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके परिवार में शुक्रवार को खुशी का माहौल रहा। नेहा फिलहाल प्रयागराज में रिसर्च स्कॉलर हैं। माना जा रहा है कि पार्टी ने उन्हें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को प्रयागराज दौरे के दौरान काले झंडे दिखाने का इनाम दिया है। नेहा यादव को राजनीति मां से विरासत में मिली है। उनकी मां विमला देवी क्यारा ब्लॉक के ऊंचा गांव की प्रधान हैं और लगातार तीसरी बार प्रधान चुनी गई हैं। पिता जगदीश सिंह यादव खेती करते हैं। पांच भाई–बहनों में सबसे छोटी नेहा ने ग्रेजुएशन रुहेलखंड यूनिवर्सिटी से किया है। इसके बाद पोस्टग्रेजुएशन करने के लिए बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी चली गईं। नेहा प्रयागराज में अमित शाह को काले झंडे दिखाने के बाद चर्चा में आईं थीं। उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। भाई कुलदीप ने बताया कि नेहा को पिछले साल हैदराबाद में यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड दिया गया था। नेहा के बड़े भाई सुरजीत सिंह इंजीनियर हैं। दूसरे भाई कुलदीप खेती में पिता का हाथ बंटाते हैं। नेहा की दोनों बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है।नेहा के घर पहुंचे थे अखिलेश यादव। बरेली में सपा की वर्कशॉप में शामिल होने आए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 21 जनवरी को नेहा यादव के घर गए थे। उन्होंने नेहा के हौसले की जमकर तारीफ की थी। उसी समय से माना जा रहा था कि नेहा को अखिलेश पार्टी में कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। वर्कशॉप में संबोधन के दौरान भी अखिलेश ने युवा कार्यकर्ताओं को नेहा का उदाहरण दिया था।

## युवाओं को अपनी संस्कृति की पहचान जरूरी : अशोक सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हर बार की तरह इस बार भी कर्मभूमि मुंबई से लौट कर समाजसेवी ,उद्योगपति और जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह ने अपनी जन्मभूमि वा गृह जनपद जौनपुर के मड़ियाहूं तहसील के निकुम्हन पुर गांव में नवरात्रि के पावन पर्व पर माता के भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जहां सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक पंकज सिन्हा और शैली गगन ने देवी गीत प्रस्तुत किया वहीं वाराणसी और लखनऊ से आये कलाकरों ने भगवान के अलग–अलग रूप की झांकियां प्रस्तुत की। इस अवसर पर अशोक सिंह ने कहा कि अपने जिले अपने गांव के लोगों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करना मेरा संकल्प है। गांव के युवाओं को अपने सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का महत्व बताने के लिए हम इस तरह के कार्यक्रमों को बढ़ावा देते हैं ।ताकि राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक चेतना से हमारा युवावर्ग रूबरू हो सके। नवदुर्गा पूजानोत्सव समीति के वरिष्ठ पदाधिकारी डा शेर सिंह,पप्पू सिंह (सुल्ताना) अध्यक्ष,भुवर सिंह बीडीसी (कोषाध्यक्ष),समीर सिंह, बियोगी सिंह,सौरभ सिंह, ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आभार प्रगट किया । इस अवसर पर ग्राम प्रधान बबलू सिंह, आदमपुर के प्रधान बच्चन यादव ,परियत के प्रधान रईस भाई ,समाजसेवी बृजेश सिंह सनी , चितरंजन कॉलेज के प्रबंधक दिलीप कुमार जायसवाल ,आलोक श्रीवास्तव और प्रदीप यादव,आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथियों ने बताया कि गांव में



आयोजित होने वाले सभी जनहित के कार्यक्रम में अशोक सिंह बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।वह नवरात्र में दुर्गा माँ की स्थापना कराने से लेकर जागरण कार्यक्रम और भंडारे में भी शामिल होते हैं। प्रत्येक वर्ष वो नवरात्र में अपने गांव में आते हैं और ऐसे ही कार्यक्रम का आयोजन कराते हैं। जिससे उनके गांव के लोगों को भी बड़े बड़े शहर के कलाकारों को देखने का मौका मिले और गांव के बच्चे भी अपनी प्रतिभा को सबके सामने रख सकें। पूरी रात चले इस जागरण कार्यक्रम में ना सिर्फ एक गांव के बल्कि आस– पास के कई गांव के लोग पहुँच कर माता के जागरण में शामिल हुए।

## बालामऊ विधानसभा कार्यकर्ता बैठक संपन्न

आर एल पाण्डेय हरदोई। बालामऊ 160 विधानसभा की विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता बैठक हुई जिसके मुख्य अतिथि भीमराव अंबेडकर (एमएलसी, मुख्य सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल ) नौशाद अली (पूर्व एमएलसी एवं मुख्य सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल ) डॉ रामकुमार कुरील (पूर्व एमएलसी एवं मुख्य सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल) के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की समीक्षा हुई जिसमें नौशाद अली ने प्रभारी प्रत्याशी की घोषणा तिलक चंद पासी की की गई जिसकी अध्यक्षता सुरेश चौधरी जिला अध्यक्ष बसपा हरदोई के द्वारा की गई इसमें मौजूद जिले का उपाध्यक्ष एड०माणिक अग्निहोत्री एवं एडवोकेट मोहम्मद तैय्यब जिला संगठन मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष रंजीत राज गौतम एवं जिला सचिव परमेश्वर दयाल वर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। भीमराव अंबेडकर ने बसपा शासन काल मे के किए गए कार्यों की जानकारी पदाधिकारियों को दी और भाजपा के चल



रहे जंगलराज को खत्म करने का संकल्प लिया तथा 2022 में कुमारी मायावती को पांचवी बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। नौशाद अली जी ने कहा भाजपा का जुल्म चरम सीमा पर है। घर की महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, महंगाई चरम सीमा पर है।

## भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने केंद्रीय रेल मंत्री को भेजा मांग पत्र

आर एल पाण्डेय गोंडा। पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने केन्द्रीय रेल मंत्री एवं रेलवे वोर्ड अध्यक्ष से मेल एक्सप्रेस एवं सवारी गाडियों का रेल किराया कम करने तथा एक्सप्रेस रेलगाड़ियो के रेलवे टिकट तथा मासिक सीजन टिकट भी गाडियों के समयानुसार रेल यात्रियो को सुविधा प्रदान किये जाने का आग्रह किया है। रेलवे जोनल समन्वय समिति के राष्ट्रीय सहसंयोजक एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री तथा रेलवे वोर्ड के चेयरमैन सुमित शर्मा से अनुरोध किया है कि भारत वर्ष में रेलवे द्वारा स्पेशल गाड़िया चलायी जा रही है जिसका किराया काफी अधिक है कई–कई स्थानों पर आने–जाने का किराया मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के समान कर दिया गया है द्य जैसे पहले 30–40 किमी. का रेलवे का किराया 10/15 रु. हुआ करता था और अब वह 30/40 रु. कर दिया गया है इसके अतिरिक्त मेल एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट रेलगाड़ियो में बिना अरक्षण अथवा विना ऑनलाइन बुकिंग के यात्रा नही की जा सकती है एक तरफ रेल किराया बहुत ज्यादा हो गया है दूसरी तरफ जनरल टिकट बुकिंग काउंटर से नही मिलता है जिसके कारण दैनिक रेल यात्रियों, व्यापारियों, कर्मचारियों, छात्रो, युवाओ, तथा महिलाओ को लगभग पिछले डेढ़ वर्ष से समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है,तथा रेलवे को राजस्व की भी हानि हो रही है। जेड.आर.यु.सी.सी. मेम्बर पंकज कुमार



श्रीवास्तव ने केन्द्रीय रेल मंत्री एवं रेलवे वोर्ड अध्यक्ष भारत सरकार से गोंडा से प्रयागराज एवं प्रयागराज से गोंडा तक ट्रेन चलाये जाने एवं गोंडा से वाराणसी इंटरसिटी का पुनः संचालन शुरू किये जाने एवं पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत लगभग सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनो के आसपास खाली पड़ी जमीनों पर अनाधिकृत रूप से कविज अराजक तत्वों को हटा कर उनके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने समेत पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत जर्जर रेलवे आवासों की मरम्मत कराकर प्रकाश, स्वच्छ पेयजल एवं सडक मार्ग दुरास्ती करण कराने का आग्रह किया है।

**आवश्यक सूचना**

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने हेतु विषयक जागरूकता शिविर

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि मिशन शक्ति फेज–3.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने हेतु उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य मा0, श्रीमती शशि मौर्या द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनायें विषयक जागरूकता शिविर एवं पति के मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थियों के जो अपने समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होगें, के फार्म आनलाइन किये जायेगें साथ ही उ0प्र0मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं उ0प्र0मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के पात्र आवेदक जिनके समस्त दस्तावेज उपलब्ध होगें, के आवेदन 21 अक्टूबर 2021 दिन वृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से जिला बाल संरक्षण इकाई सभागार, खरका तिराहा, सिद्धी विनायक जलपान गृह के सामने सिविल लाइन, जौनपुर में आयोजित किया जायेगा। तद्पश्चात अपराह्न 1.00 बजे से निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। आम जनमानस से अनुरोध है कि उक्त दोनो कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का निस्तारण प्राप्त कर सकते हैं।

## खजनी क्षेत्र छताई पुल के पास 25 हजार का इनामी रविन्द्र निषाद गिरफ्तार

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमारःगोरखपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार ताडा के कुशल निर्देशन पर एएसपी इंदु प्रभा सिंह के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर खजनी अजय कुमार मौर्य के नेतृत्व में उप निरीक्षक अरविन्द कुमार राय व एसओजी लखनऊ शैलेन्द्र सिंह के सहयोग से



इनामिया रविन्द्र निषाद पकड़ा गया। खजनी क्षेत्र छताई पुल के पास पच्चीस हजार इनामिया रविन्द्र निषाद को खजनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल का रास्ता दिखा दिया। बताया गया रविन्द्र निषाद पर दर्जनों मुकदमे अलग अलग थानो में पंजीकृत है ,खजनी पुलिस को रविन्द्र निषाद की काफी दिनों से तलाश थी। राजघाट थाना क्षेत्र के अमरूद मंडी चकरा अव्वल निवासी रवींद्र निषाद पहले ही एक मकान पर जबरन कब्जा करने और चोरी करने का मामला सामने आया था। राजघाट के अलावा कोतवाली थाने में भी उसके खिलाफ शिकायत दर्ज थी। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक रवींद्र पेशेवर अपराधी है। इसी रिपोर्ट के आधार पर पूर्व में एसएसपी ने डीएम से रवींद्र को जिला बदर करने की सिफारिश की थी। डीएम ने पुलिस रिपोर्ट पर अंतिम मुहर लगा दी थी । खजनी पुलिस कोर्ट के आदेश पर धारा बयासी की कार्यवाही अभी कुछ दिन पूर्व डुगडुगी बजा कर नोटिस चस्पा किया था । खजनी पुलिस के लिए रविन्द्र सिरदर्द बन चुका था । जिसको एसओजी टीम लखनऊ के सहयोग से गिरप्तार करने में सफलता मिली, तब खजनी पुलिस ने राहत की सांस लिया।

## हरदोई में पंडित अटल बिहारी वाजपेई की विचारधारा का मंदिर स्थापित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की विचारधारा का मंदिर अटल विश्व बंधुत्वेश्वरम का बोर्ड चांदा महमदपुर ग्राम में स्थापित किया गया। हरीश चंद्र मिश्र पूर्व प्रधान, महेश मिश्रा एडवोकेट,पंकज द्विवेदी, अखिलेश पांडे, सुधीर कुमार शुक्ला जिला अध्यक्ष



अटल जनशक्ति पार्टी एवं अन्य ग्रामवासी गण उपस्थित हुए जिसमें रामकिशन राजपूत मिस्त्री एवं सर्वेश बाल्मिक तथा राम रतन के सहयोग से बंधुत्वेश्वरम बोर्ड स्थापित किया गया। अटल जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम् अटल बिहारी वाजपेई जी के मानस पुत्र संजीव द्विवेदी एडवोकेट हाई कोर्ट लखनऊ, सुधीर कुमार शुक्ला जिला अध्यक्ष रामचरण दिवाकर एवं मंदिर निर्माण समिति के सदस्य अवनीश दीक्षित,अजय दीक्षित, संजीत तिवारी एडवोकेट हाई कोर्ट, राजू सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*बहुत भाग्यशाली होतें हैं वो लोग जिनके पास सादगी,धैर्य और दया तीनों गुण होते हैं–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ दुर्गा प्रतिमा मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)आखिरकार दो वर्ष बाद कोरोना के बाद जिले में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक दुर्गापूजा व दशहरा हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ।वही शहर में,मकबरा,चौक, नाका,अश्वनीपुरम् कालोनी, गुदड़ीबाजार, देवकाली, रिकाबगंज, अमानीगंज, रोडवेज, वजीरगंज,सुभाषनगर सहित प्रमुख मुहल्लो व स्थानो से शांतिपूर्वक ढंग से माँ दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के लिये भक्तजन रवाना हुये।प्रतिमा विसर्जन के दौरान दुर्गा प्रतिमाओं का कारवां शोभायात्रा रही।चौक क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं व माता के भक्तो का फूलों से स्वागत हुआ।वही चौक में कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन भी कराते जिला व पुलिस प्रशासन के दिखे।पुरुषों व बच्चों के अलावा महिलाएं भी भारी संख्या में मौजूद रही।दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन के दौरान चौक में दुर्गा प्रतिमाओं का स्वागत करने वालो में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जयसवाल, व्यापारी नेता चंद्र प्रकाश गुप्ता व अन्य हिंदूवादी नेता के साथ साथ सपा के पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडे भी चौक पहुंचकर लोगों को नवरात्र व विजयदशमी शुभकामनाएं दी।वही डीएम अनुज कुमार झा व एसएसपी शैलेश पांडे ने भी शहर में निकल क्षेत्र का भ्रमण किया।वही चौक में अपर जिलाधिकारी,एसपी सिटी विजय पाल सिंह,एएसपीध्सीओ सिटी पलास बंशल, नगर कोतवाल सुरेश पाण्डेय,महिला उप निरीक्षक साधना सिंह,चौकी चौक प्रभारी अखिलेश पाण्डेय सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।वही जिले के बीकापुर क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को किया गया। चौकी प्रभारी रामपुर भगन ने बताया कि थाना क्षेत्र की छोटी बड़ी बाजारो सहित ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिमाओं का विसर्जन गत वर्ष की भाति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया हल्का लेखपाल रामपुर भगन ने बताया कि दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन तमसा नदी सहित अलग–अलग स्थानों पर कराया गया।वही क्षेत्र कि कुछ दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन अगले दिन कराया जाएगा। तारुन थाना प्रभारी ने बताया की काफी हर्षोल्लास के साथ क्षेत्र वासियों ने शांतिपूर्ण ढंग से माता रानी के जयकारे लगाते देखे गए और दुर्गा माता की विदाई के अवसर पर काफी संख्या में लोग शामिल दिखे और जगह जगह पर भंडारे का आयोजन व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया क्षेत्र वासियों ने कोरोना महामारी बीमारी से बचने की दुआ मांगी। वही रुदौली दुर्गा पूजा और दशहरा का पर्व परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।रुदौली क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पूजा की मूर्तियां सकुशल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विसर्जित की गई।सुबह से ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इमानदारी से अपनी ड्यूटी निभानी शुरू की जो देर रात तक जारी रही। पुलिस विभाग के आला अधिकारी दिन भर सक्रिय रहे। क्षेत्रीय पुलिस दिन भर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में जुटी रही।जैसे ही मूर्तियां विसर्जन के लिए मां के भक्त जन वाहनों से लेकर चले पुलिस सक्रिय हो गई।मूर्ति विसर्जन के लिए निकले भक्तों का जनसैलाब सड़कों पर खुलेआम नजर आया। दर्जनों स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किए किया। मूर्ति विसर्जन सकुशल









संपन्न हुआ। दिन भर जनप्रतिनिधि भी अपना कर्तव्य निभाने में जुटे नजर आए ध्वनि विस्तारित यंत्र से भक्ति पूर्ण गीत खूब सुनाई पड़ा। मूर्ति विसर्जन मार्ग पर हजारों गड्ढे सड़क पर दिखाई पड़े।सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे और सड़क की उखड़ी हुई गिट्टी वाहनों के आवागमन में और पैदल चल रहे मां के भक्तों को परेशान करते रहे।मूर्ति विसर्जन से पहले सड़क मरम्मत न करना सबसे बड़ी विभागीय लापरवाही खुलेआम नजर आई। मूर्ति विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाएं सुरक्षा, प्रकाश, पानी आदि अच्छी थी। मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में बच्चों के साथ साथ युवा वर्ग खूब उत्साहित नजर आया।अधिक उम्र के लोग भी मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए। विशाल भंडारा कार्यक्रम सुबह से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। हलवा, पूड़ी ,चावल, दाल, केला ,बूंदी ,छोला आदि का विशाल भंडारा कार्यक्रम मे प्रसाद वितरण किया गया।प्यास बुझाने के लिए जगह जगह पर ठंडा पानी की व्यवस्था भी मां के भक्तों द्वारा की गई। मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में युवा वर्ग काफी उत्साहित नजर आया। भक्ति गीतों की धुन पर खूब डांस किया गया।मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के गांवों के लोग सड़क किनारे मां के दर्शन करते नजर आए।मिठाई और लाई का प्रसाद हजारों भक्तों को मिला। आस्था का सैलाब सड़कों पर खुलेआम नजर आया। मूर्ति विसर्जन के समय सड़कों पर चल रहे राहगीर भी मां के जयकारा लगाते हुए अपनी मंजिल की तरफ आगे बढ़े। मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्वक सकुशल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। तहसील व स्थानीय पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी मूर्ति विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने में सकारात्मक भूमिका निभाते हुए, कर्तव्यों का पालन करते हुए नजर आए।सुझाव के रूप में कहा जा सकता है कि मूर्ति विसर्जन से पहले सड़क मरम्मत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे होने से जहां एक तरफ वाहनों के आवागमन में असुविधा होती है। वहीं दूसरी तरफ सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे होने से मां के भक्तों को पैदल चलने में काफी संकट झेलना पड़ता है। मूर्ति विसर्जन के लिए पैदल जाने वाले भक्तों को सड़क के गड्ढे बहुत परेशान करते हैं। मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने माता जी का जयकारा लगाया वही दशहरा कार्यक्रम श्री राम का जयकारा सुनाई पड़ा।दशहरा व मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने के बाद आला अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस ने राहत की सांस ली।

# फिल्मी व अन्य कलाकारो के अभिनय से अयोध्या की रामलीला ने तोड़े पिछले साल के सभी रिकार्ड

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरों चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में दशहरा तक हुई अयोध्या की रामलीला खास रहा।इस रामलीला ने पिछले साल के सभी रिकार्ड तोड़ने का काम किया।और हों भी क्यो न इस बार अयोध्या की रामलीला के मंच पर फिल्म जगत से जुड़े कई कलाकारो ने अलग अलग भूमिका निभाने का कार्य किया।इस बार अयोध्या की रामलीला में मुख्य रुप से भाग्यश्री व स्वीटी ने (सीता माता),रवि किशन (परशुराम),शाहबाज खान (रावण),राकेश बेदी ने (जनक)का किरदार निभाने का कार्य किया।इसके अलावा प्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी,मनोज तिवारी, अवतार गिल,बिंदू दारा सिंह,रिद्धिमा वेदी,राजेश पुरी,नेहा तिवारी, अपर्णा, अनीता मक्कड़,कंचन सहित अन्य कलाकारो ने अपने अभिनय से इस रामलीला को इस मुकाम तक पहुँचाया।वही मुंबई की प्रसिद्ध मेंकअप कलाकार लीजा कौर अपने हुनर से इस रामलीला में आये कलाकारो सजाने सवारने का सराहनीय कार्य किया।वही इस कमेटी के संरक्षक सुभाष मलिक उर्फ बाबी के साथ साथ कमेटी के निदेशक परवेश जी की भी सराहनीय भूमिका रही।जिसके चलते देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने कमेटी को दशहरे पर शुभकामना संदेश दिया।वही इस रामलीला को जिसको दूरदर्शन,डीडी भारती व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लगभग बीस करोड़ दर्शकों ने अपने घर टीवी व मोबाइल पर देखा।वही फिल्म अभिनेता राहुल बूचर ने भगवान राम के चरित्र पर अभिनय प्रस्तुत कर राम भक्तो को मंत्रमुग्ध कर दिया।वही शुक्रवार कोमशहूर फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने अयोध्या की रामलीला में माता सीता के किरदार बहुत ही सजीवता से भूमिका निभाने का कार्य किया।वही फिल्म जगत की जानी–मानी अभिनेत्री भाग्यश्री,उनके पति देव हिमालय ने अयोध्या की रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया इस मौके पर अयोध्या की रामलीला केक्रिएटिव डायरेक्टर जनरल सेक्रेटरी शुभम मलिक ने देश की उपानसा व एनबीसी चौनल के अयोध्या ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव व जिला संवाददाता डाक्टर अजय तिवारी से बताया कि राम नगरी अयोध्या मे हो रही अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। और इस रामलीला में भाग्यश्री ने माता सीता का किरदार निभाया और इससे बड़ी हमारे लिए खुशी की कोई बात नहीं है।वही इस मौके पर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने अयोध्या पहुंचकर



एक खास मुलाकात में बताया कि वह राम नगरी अयोध्या आकर अपने को धन्य महसूस कर रही है।उन्होंने बताया कि पहली बार अयोध्या आकर ऐसा लग रहा हैं कि जैसे वह प्रभु श्री राम के शरण में आ गई है।राम मंदिर निर्माण पर उन्होंने कहा कि अब उनका ही नहीं बल्कि करोडो राम भक्तो का वर्षो पुराना सपना पूरा होने जा रहा है।वही पहली बार दिल्ली से आई मंथरा का रोल कर रही प्रसिद्ध थियेटर कलाकार रचना जी ने बताया कि वह राम नगरी अयोध्या में आकर अपने को काफी गौरवान्वित महसूस कर रही है।वे पहली बार अयोध्या की रामलीला में मंथरा की भूमिका नजर आयेगा।जिसको लेकर वह काफी खुश दिखाई दे रही थी।वही फिल्म अभिनेता राहुल बूचर ने बताया कि भगवान राम के चरित्र पर प्रस्तुति मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात हैं।मंदिर तो सिर्फ एक प्रतीत है हर कण–कण में शिव है।वही हर जगह जगह सभी चर अचर में राम है।हमें राम मंदिर से ज्यादा राम जी के विचारों को ध्यान में रखना चाहिए।भगवान राम के संस्कारों पर ध्यान देना चाहिए। वह संस्कार कोने कोने में जग में जगह–जगह हर जगह पहुंचना चाहिए।उन्होंने बताया कि आगे भी भगवान राम का किरदार निभाया या ना निभाता फिर भी मैं राम नगरी अयोध्या आकर रामलला का दर्शन करने आऊंगा। अगर भगवान ने मुझे बुलाया है पहले नवरात्रि के दिन अयोध्या बुलाया है।भगवान राम ने अपना स्वरूप मुझे दिया है।तीन घंटे के लिए ही चाहे वह दिया है।मुझे लगता है और मैं जरूर आऊंगा अयोध्या आ कर के भगवान राम लला के दर्शन ना करूं ऐसा हो नहीं सकता।पहले दिन ही 16 करोड़ दर्शकों ने अयोध्या की रामलीला को देखी है।पिछले वर्ष जो है 10 दिन मिलाकर के 16 करोड़ दर्शकों ने देखा था हम रामजी के विचार लोगों में डाल पाए।चाहे हम एक करोड़ लोगों में राम जी के विचार को डालें चाहे वह एक लाख लोगो में डालें। देखने से फर्क नहीं पड़ता है फर्क तो तब पड़ता है कि आप अपने घर क्या लेकर के गए।एक भी संस्कार प्रभु श्री राम का अपने घर को लेकर गए तो मुझे लगता है कि मेरा यहां आना सफल हो जाएगा। कुल मिलाकर रामलीला के अंतिम दिन दशहरा पर्व पर रामलीला में आए सभी कलाकारो के अलावा निर्देशक संरक्षक ने बताया कि यह हमारे लिये गौरव की बात है कि अयोध्या की रामलीला को पिछले साल की अपेक्षा इस और रामभक्तो ने देखा।

# व्यापार की ओर अग्रसर कायस्थ समाज–विजेश श्रीवास्तव

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : कायस्थ सेवा समाज के अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव ने सनेथू स्थित माँ ज्वाला फार्मेसी नाम के नए मेडिकल स्टोर का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर कायस्थ सेवा समाज के अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव ने प्रतिष्ठान के मालिक श्रुति श्रीवास्तव को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए शुभकामनाये दीं तथा कहा





मौजूदा परिवेश में कायस्थों का भविष्य व्यापार के साथ है, क्योंकि कई वजहों से सरकारी नौकरियों में कायस्थ की भागीदारी कम हो रही है, एक समय ऐसा भी था जब कायस्थों को सरकारी नौकरी का पर्याय माना जाता था पर अब समय के साथ चीजें बदलती हैं और इसलिए अब कायस्थों को व्यापारी बनाना चाहिए,जो की नौकरी करे न बल्कि नौकरी दे सके। हम हर स्तर पर युवा व्यापरियों का सहयोग एवं प्रोत्साहन करना चाहते हैं। इस अवसर पर कायस्थ सेवा समाज के संयोजन मंत्री अँकुर श्रीवास्तव संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दीपक दुबे, प्रयास फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमेश गुप्ता , गौरव श्रीवास्तव, ललित श्रीवास्तव, प्रवीन श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, विष्णु, अमित, आदर्श, रविन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कन्या भोज के साथ नौ दिवसीय भंडारे का समापन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मवई के सुनबा गांव में घने जंगलो के बीच गोमती नदी के तट पर विराजमान माता कामाख्या धाम पर शारदीय नवरात्र के अन्तिम दिन श्रद्धालुओं की आस्था का हुजूम उमड़ पड़ा।लगभग सवा लाख श्रद्धालुओं ने माता कामाख्या में हवन पूजन अर्चन एवं दर्शन कर पुण्य के भागी बने।मेला परिसर में क्षेत्र के प्रसिद्ध समाज सेवी विनोद कुमार सिंह द्वारा प्रत्येक नवरात्र की भांति इस नवरात्र में भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए नौ दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जो पूरे नवरात्रि बड़े ही धूम धाम से चला और नवमी के दिन कन्या भोज के साथ भंडारे का समापन हुआ।प्रातः 6 बजे सामूहिक रूप से 551 कन्याओ की विधिवत पूजन के साथ भोज आदि के बाद अंग वस्त्र भेटकर व उन्हें दक्षिणा देकर अंतिम दिन के भंडारे का शुभारंभ किया।पूरे दिन चले भव्य भंडारे में क्षेत्र व आस पास जिले से आये हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर जगदीश सिंह विजय बहादुर सिंह तेज बहादुर सिंह,जितेंन्द्र यादव,सालिक राम यादव , असलम खां मो0 सुफियान मेराज अहमद नफीस खां रविन्द्र सिंह हिमांशु शुक्ल एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी बलवंत सिंह नान्ह महाराज,हनुमान दत्त पाठक मेला कमेटी अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह प्रधान,सहित हजारो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, वहीं सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम मवई के कामाख्या भवानी मंदिर पर नवरात्रि की नवमी पर भक्तो तांता हजारों की संख्या में लगा रहा।क्षेत्राधिकारी रितेश सिंह की अगुवाई में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये गए थे।मुख्य द्वार पर सैदपुर चौकी प्रभारी प्रदीप यादव दलबल के साथ मौजूद रहे।चप्पे चप्पे पर मौजूद पुलिस के जवानों ने लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

# संत जन्मोत्सव में सूफी कलामो व सिंधी भजनो से बांधी समा

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : अपनी संस्कृति और भाषा को न भूले सिंधी संस्कृति विश्व की प्राचीन संस्कृतियों मे से एक है यह बाते चार दिवसीय संत जन्मोत्सव के दूसरे दिन संत सतरामदास दरबार के पीठाधीश्वर साई नितिनराम ने रामनगर कालोनी स्थित संत सतरामदास दरबार मे कही उन्होने कहा कि आज की युवा पीढी को अपनी संस्कृति से अवगत कराये ताकि वे अपनी विरासत पर गर्व करे।इस मौके पर मौजूद अयोध्या नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि किसी भी समाज का विकास उसकी संस्कृति और सभ्यता से होता है सिंधी समाज ने अपने पुरूषार्थ के बल पर राष्ट्र निर्माण मे सहयोग दिया है दरबार के प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि श्री गुप्ता का स्वागत साई नितिनराम ने सिंधी समाज के साथ शाल ओढाकर व माला पहनाकर किया प्रवक्ता ने बताया कि इस मौके पर पुलिस प्रशासन का भी स्वागत शाल ओढ़ाकर किया गया जन्मोत्सव के दूसरे दिन संत सतरामदास, साई रूढाराम, संत कंवरराम, संत जगतराम, संत वासुदेव राम के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की गई। जन्मोत्सव के अवसर पर गायिका सौम्या पंजवानी कानपुर,गायक उदयराज झासी व राजस्थान के शहर अजमेर से लवि भगत और लखनऊ से सरदार सुखविंदर सिंह, भोलाराम, विजय कुमार ने सूफी कलामो, सिंधी भजनो से समा बांधी तबलावादक पवन कुमार,ढोलक पर दर्शन लाल ने तबले व ढोलक की थाप पर वाहवाही लुटी इस मौके पर देवी दास कालरा, चंद्र भान माखेजा, आनंद मोटवानी, मुकेश रामानी, रवि वाधवानी,भजन कालानी, प्रेम साधवानी, कैलाश लखमानी, सौरभ लखमानी, राम शेवानी, योगेश बजाज,भारती खत्री, भावना वरियानी, एकता जीवानी, गुडडू केवलरामानी, लखन केवलरामानी, रजत,गौतम, आदि मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त : आम जनता का जनजीवन सुरक्षित नहीं –गंगा सिंह

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो गई है स आम जनता का जनजीवन सुरक्षित नहीं है। बीती रात नील गोदाम देवकाली निवासी मंजीत यादव को बदमाशों ने गोली मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गई है साथ ही दो बच्चियों को गोली लगने से घायल होने के कारण उन्हें लखनऊ रिफर किया गया समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और उन्होंने कहां की भाजपा सरकार में अपराधियों का बोलबाला है अपराधी जो है जब चाहते हैं अपराध करके चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी तत्काल गिरफ्तारी करें साथ ही पीड़ित परिवार को करोड़ रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी भी दी जाए स समाजवादी पार्टी इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार के साथ है जहां भी अत्याचार अन्याय होगा समाजवादी पार्टी उसके खिलाफ संघर्ष करेगी स इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, नेता विरोधी दल जिला पंचायत सदस्य नागेंद्र यादव, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, प्रवक्ता चौधरी बलरा यादव, युवजन सभा जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव, वरिष्ठ नेता अनिल यादव बबलू , इंद्रपाल यादव, चंदन सिंह यादव, सुरेंद्र यादव, राम प्रताप यादव, विशाल यादव, रिकी यादव रमाकांत यादव श्री चंद यादव , अजय विश्वकर्मा, नीरज तिवारी, अशोक वर्मा, अवधेश यादव, ननकन यादव, स्वामीनाथ वर्मा, शंकर जीत यादव, मुकेश यादव, जाबिर, भगवती यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# देवा में नवरात्रि व दशहरा पर्व पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : उसरू–अमौना स्थित देवा इंटर कॉलेज व देवा पब्लिक स्कूल में मां दुर्गा का पर्व नवरात्रि व असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा व कोआर्डिनेटर पूर्णिमा पांडे ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। सर्वप्रथम मां दुर्गा का वंदन करते हुए 9ब की छात्राओं साक्षी भारती, सानिया ओझा व स्नेहा मौर्या ने ''ऐ गिरी नंदिनी नंदित मेदिनी विश्व विनोदिनी'' गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर मां की दिव्य छवि प्रस्तुत की। 9ए की महक यादव, मीनाक्षी तिवारी, प्रगति, पूजा तिवारी, काव्या मिश्रा, आराधना चौरसिया व श्रेया रावत ने ''रामजी की निकली सवारी'' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 9बी की छात्राओं सानिया, प्रियंका यादव, समायरा खान, आयुषी वर्मा, एलिस उपाध्याय व काजल चौहान ने डांडिया खेल कर दुर्गा पूजा पर्व के दौरान खेले जाने वाले डांडिया के महत्व को दर्शाया। भगवान राम का रूप रख 8ब के शिवा पाठक, लक्ष्मण रूप में 8ब के कुनाल, कक्षा 5 के अभय पांडे ने हनुमान जी व 9सी की स्नेहा मौर्या ने सीता जी का दिव्य रूप प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्ले ग्रुप तथा नर्सरी कक्षा के सभी नन्हे–मुन्ने बच्चों ने ''राम लखन'' गीत पर अपनी आकर्षक छटा बिखेरी। 11इ की छात्रा कोमल चौरसिया ने अंग्रेजी भाषा में तथा 9सी की प्राची पांडे ने हिंदी भाषा में दोनों पर्वों की विशेषता तथा महत्व का वर्णन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ने सभी को अच्छे आचरण व्यवहार का पालन करते हुए अच्छे संस्कारों व शिक्षा को आत्मसात करने की बात कही। प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा ने सभी को पावन पर्व की शुभकामना दी। समस्त कार्यक्रमों के संचालन में शिक्षक कमलेश श्रीवास्तव, सुमन दुबे, सुनीता श्रीवास्तव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन 8 बी के आनंद यादव ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन प्राथमिक विद्यालय खैरनपुर में किया गया। तहसीलदार प्रज्ञा सिंह ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने कहा की आम जनता को अपने वैधानिक अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए।कहा कि न्यायालयों में गरीब और अपना अधिवक्ता न नियुक्त कर सकने वालों के लिए सरकार ने अधिवक्ता नियुक्त किए हैं।विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रथनापत्र देकर इसका लाभ प्राप्त कर सकते है।साक्षरता और जागरूकता से ही हम अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम लला यादव,प्रदीप यादव,लेखपाल कैलाश नाथ सिंह,राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा पंडाल में आरती कर लगाई हाजिरी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : सोहावल चतुर्थ क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य सोनाली रावत ने बीती रात बड़ागांव,करेरू,मिझौरा,दक्षिण पारा छतई का पुरवा, सौरी आदि गांव में स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में पहुंचकर माता जी की आरती में सम्मिलित होकर माथा टेका तथा यथा शक्ति आर्थिक सहयोग भी दिया। इस अवसर पर बोलते हुए सोनाली रावत ने कहा नवरात्रि व दुर्गा पूजा उत्तर भारत का प्रमुख त्योहार है इस पर्व के साथ ग्रामीण जनता की भावनाएं जुड़ी रहती है। ऐसे में यथाशक्ति सभी लोगों को इस त्योहार में मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर उनके साथ मौजूद सपा नेता अनुराग सिंह 'शानू' ने पंडाल को संबोधित करते हुए कहा सभी प्रकार के त्योहार आपसी भाईचारा व धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ाते हैं। सभी धर्म मिलजुल कर रहने की नसीहत देते हैं। तथा नवरात्रि में 9 दिन जो भी व्यक्ति व्रत रखकर सच्चे मन से दुर्गा जी की साधना करता है उसका अवश्य कल्याण होता है। इस अवसर पर उनके साथ स्वास्थ्य कर्मी सहदेव, सतेंद्र कुमार, आचार्य अर्जुन तिवारी, रजनीश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बड़े ही अकीदत से उठा 72 ताबूत

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : फैजाबाद कर्बला के 72 शहीदों की याद में 72 ताबूत निकाला गया इस मौके पर शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने एक हदीस को संबोधित किया इसके अलावा 72 ताबूत का परिचय कैसर जौनपुरी ने अपने विशेष अंदाज में कराया कर्बला में क्या हुआ क्या गुजरा कैसर जौनपुरी ने अपने विशेष अंदाज में लोगों को बताया जिसे सुनकर लोग रो पड़े इससे पहले एक मजलिस को संबोधित किया शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने इस मौके पर कर्बला में हुए वाक्य को बयान किया इस मौके पर इमामबाड़े परिसर को काले झंडे और परदों से सजाया गया था इसके अलावा कर्बला से आए अलम की जियारत लोगों को कराई गई इस मौके पर धार्मिक किताबों की दुकाने भी लगाई गई थी और इमाम बाडोध में सजने वाले आलम और पटके अंगूठी सभी चीजों की दुकानें लगाई गई थी इस प्रोग्राम में महिलाएं और बच्चे भी बड़े अकीदत से शामिल हुए 72 ताबूत के प्रोग्राम में पानी और चाय की सबीलें भी लगाई गई थीं।

# सहायक अभियंता पद पर नियुक्ति होने के बाद युवक के घर पहुंचे सीओ, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने दी बधाई, खिलाई मिठाई

अयोध्या। जनपद के बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के बल्लीपुर पातूपुर निवासी किसान परिवार के सतीश तिवारी पुत्र जितेंद्र प्रसाद तिवारी का चयन लोक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के पद पर होने की सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने घर पहुंच कर बधाई दिया। और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान खिलाया। बल्लीपुर निवासी सतीश तिवारी द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पब्लिक सर्विस कमीशन प्रयागराज की परीक्षा उत्तीर्ण किया है। उप मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में नियुक्ति पत्र देने के बाद उनकी नियुक्ति लोक निर्माण विभाग लखनऊ में सहायक अभियंता के पद पर हुई है। लोक सेवा आयोग पब्लिक सर्विस कमीशन प्रयागराज की परीक्षा में सतीश तिवारी को प्रदेश स्तर पर दूसरा रैंक मिला था।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।